# यूपी एग्रीज परियोजना से 30% बढ़ेगा उत्पादन

## सीएम योगी ने कहा, किसानों को मिलेगा उपज का उचित मूल्य, युवाओं को रोजगार

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। यूपी एग्रीकल्चर ग्रोथ एंड एंटरप्राइज ईकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग (यूपी एग्रीज) परियोजना से प्रदेश की उत्पादकता में 30 फीसदी से ज्यादा तक वृद्धि होगी। किसानों को उपज का भरपूर मूल्य मिलेगा तो कृषि क्षेत्र में युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। यह कहना है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का। वह मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में यूपी एग्रीज परियोजना के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे।

सीएम ने कहा कि यूपी गेहूं, आलू, आम, अमरूद, मटर, मशरूम, तरबूज और शहद उत्पादन में देश में नंबर एक है। यूपी को देश के फूड बॉस्केट के रूप में जाना जाता है। अब इसे विस्तार देने की तैयारी है। यूपी एग्रीज परियोजना के जरिये निर्यात की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। चार हजार करोड़ की इस परियोजना में 2737 करोड़ का ऋण विश्व बैंक ने दिया है, जबकि 1166 करोड़ का अंशदान राज्य सरकार दे रही है। इस परियोजना से कृषि और उससे संबंधित सेक्टर को चिह्नित किया जाएगा।

प्रमुख फसलों की उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि, विशिष्ट कृषि उत्पादों, पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट और मार्केट सपोर्ट सिस्टम को विकसित किया जाएगा। इससे अन्नदाताओं की आय में वृद्धि होगी और रोजगार सृजन होगा।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस गर्ग, एमएसएमई प्रमुख सचिव आलोक कुमार, कृषि विभाग के प्रमुख सचिव रवींद्र कुमार एवं विश्व बैंक के अधिकारी भी शामिल हुए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में यूपी एग्रीज परियोजना का शुभारंभ किया। इस दौरान मत्स्य मंत्री संजय निषाद, श्रम और सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर के साथ विश्व बैंक के अधिकारी भी मौजूद रहे। - संवाद

### मुख्यमंत्री ने किया यूपी एग्रीज प्रोजेक्ट का शुभारंभ, मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शिलान्यास

### 28 जिलों में लागू होगी परियोजना

सीएम ने बताया कि छह साल तक चलने वाली इस परियोजना में पूर्वांचल और बुंदेलखंड के 28 जिलों को शामिल किया गया है। परियोजना के जरिये एक एकड़ में 10 क्विंटल पैदावार को 30 से 35 फीसदी बढ़ाकर 14 से 15 क्विंटल करने का लक्ष्य है। सीएम ने कहा कि यूपी को एग्रीकल्चर का हब बनाने के लिए जेवर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन रहा है। इसका शुभारंभ अप्रैल में होगा।

### जीवन स्तर बदलेगा डाटा बैंक

सीएम ने कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा से यूपी समग्र विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। इनमें कृषि और उससे संबंधित सेक्टर से जुड़े डाटा का बैंक बनाया जाएगा। यह डाटा बैंक किसानों का जीवन स्तर बदलने में अहम भूमिका निभाएगा।

### मत्स्य पालन को आधुनिक बनाने के लिए यूएई से एमओयू

सीएम ने उन्नाव में यूपीडा की इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक क्लस्टर में केमपैक इंडिया द्वारा ग्रीन फील्ड मैन्युफैक्चरिंग इकाई का शिलान्यास किया। इससे करीब 1300 करोड़ लागत का निवेश आएगा। इस दौरान मत्स्य पालन क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए प्रदेश सरकार और यूएई के एक्वाब्रिज के मध्य करीब 3900 करोड़ के निवेश का एमओयू भी हुआ।